समय ढाई घंटे | पूर्णांक :७५

प्रश्न १ निम्नलिखित अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :- १६

अ) "हाँ –हाँ नैतिकता तो मुख्य चीज है,नैतिकता के बिना तो ढाँचा ही बिगड़ जाएगा, सब गड़बड़ हो जाएगा। फिर तो किसी का डर लिहाज ही नहीं रहेगा।"

अथवा

" परस्पर सहारा बनाना ही प्रेम होता है उसे स्वार्थ और धोका नहीं कहा जा सकता। जहाँ स्वार्थ और धोखा नहीं ,उसे अनैतिकता नहीं कह सकते ...क्या निस्वार्थ समर्पण नैतिकता नहीं है ? "

आ) " और तकलीफ क्या है यहाँ ? वहां तो रोटी भी खुद ही ठोंकते थे। यहाँ तो हम महरी से कह जायेगें . एक समय बना जाया करेगी. लेकिन सारे समय घर में ही रहिएगा,समझे !"

अथवा

"अचानक सलाम में उठी, मौजीराम की आँखें मेरी खिड़की से टकराई हैं। और अपार विस्मय ,हैरानी तथा अति करुणा-भाव से उसने मुझे इस तरह देखा जैसे रामभक्त हनुमान ने अशोक वाटिका में शोक-संतप्त सीता मैया को देख लिया हो ...."

प्रश्न २ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- ३०

क) 'बारह घंटे'उपन्यास के जीवन –दर्शन पर प्रकाश डालिए।

अथवा

" नर-नारी के परस्पर आकर्षण अथवा दांपत्य सम्बन्ध को केवल सामाजिक कर्तव्य के रूप में ही देखना अनिवार्य है " - इस मत की पुष्टि कीजिए।

ख) 'योद्धा' कहानी की मानसिक यंत्रणा को अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

'समान सतहें ' कहानी के जीवन-दर्शन पर प्रकाश डालिए।

.प्रश्न ३ निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर लिखिए :- ०९

ज) " बारह घंटे उपन्यास नर – नारी के जीवन को संबोधित करता है " इस मत की पुष्टि कीजिए।

अथवा

'कपडे' कहानी के नायक का चरित्र –चित्रण कीजिए।

प्रश्न ४ निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए : - १०

त) लारेंस का आदर्शवाद

अथवा

विनी का निर्णय

PQ10 ADZ

अथवा

'योद्धा' कहानी का नायक

प्रश्न ५ निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए :- १०

१) चंदु को नौकरी पर कौन रखता है ?

२) मौजीराम क्या काम करता है ?

३) बंदरों को किसे खदेड़ने को कहते हैं ?

४) 'समान सतहें' कहानी का विषय क्या है ?

५) चंदू की दयनीयता क्या थी ?

६) फेंटम किसकी याद में कब्रिस्तान में आया था ?

७) विनी और जेनी का क्या रिश्ता था ?

८) पामर किसका पति था ?

९) लारेंस कौन था ?

१०) विनी कौन से फूल लायी थी ?